2

जनपद झाँसी में मैसर्स फोर्थ पार्टनर सोलर प्रा0लि0 (यूपीनेडा एवं टी0एच0डी0सी0आई0एल0 के संयुक्त उपकम) के 70 मेगावाट सोलर पॉवर प्लांट परियोजना हेतु मैसर्स फोर्थ पार्टनर सोलर पॉवर प्रा0लि0 हैदराबाद के ई-मेल पत्र दिनांक 17.08.2023 के कम मे निदेशक यूपीनेडा द्वारा जारी पत्र संख्या-2920/यूपीनेडा-एसई-फोर्थ पार्टनर सो0पा0 प्रा0लि0/50 मे.वा/सरकारी भूमि लीज/2023 उ0प्र0 नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण, विभूतिखण्ड गोमतीनगर, लखनऊ दिनॉक 16.07.2023 के दृष्टिगत उपरोक्त फोर्थ पार्टनर सोलर की स्थापना हेतु सरकारी भूमि अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग उ0प्र0 को ग्राम बुढ़पुरा तहसील झाँसी में उत्तर प्रदेश शासन, राजस्व अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप (संशोधन संख्या-5/2023/प्र0स0-53/एक-1-2023 सं0-1 दिनॉक 15.03.2023 एवं शासनादेश संख्या-1050/87/अति0उ0स्रो0वि0/2023, दिनॉक 03 अगस्त, 2023 में दी गयी व्यवस्थानुसार सार्वजनिक उपकमों हेतु 01 रूपये प्रति एकड़ प्रति वर्ष की दर से कुल 18.625 हे0 (46.00 एकड़) हेतु सांकेतिक मूल्य रू0 46.00 वार्षिक किराया जमा करने पर पुनर्ग्रहीत भूमि राजस्व अभिलेखों में अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग उ0प्र0 के नाम 30 वर्षों हेतु पट्टे पर उपलब्ध होगी। गृहीता विभाग द्वारा वार्षिक किराया प्रति वर्ष 30 वर्षों तक जमा करना होगा। उपरोक्त धनराशि लेखाशीर्षक 0029-भूराजस्व-800-अन्य प्राप्तियॉ-08-मालिकाना राजस्व -0806-प्रकीर्ण प्राप्तियों में जमा की जायेगी। यह कि आवंटित की गयी भूमि का उपयोग दिये गये प्रयोजन से भिन्न होने पर भूमि अनिवार्य रूप से वापिस ले ली जायेगी।

(अविनाश कुमार)
जिलाधिकारी, झाँसी

संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसार-

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1-प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, राजस्व अनुभाग-1, लखनऊ।
2-अपर मुख्य सचिव, अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, उ0प्र0 शासन।
3-आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उ0प्र0 अनुभाग-5, लखनऊ।
4-आयुक्त महोदय, झाँसी मण्डल झाँसी।
5-निदेशक यू0पी0 नेडा लखनऊ।
6-निदेशक मुद्रण एवं लेखन सामग्री उ0प्र0 इलाहाबाद को राजकीय गजट में प्रकाशनार्थ।
7-मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी।
8-उपजिलाधिकारी/तहसीलदार, झाँसी को इस निर्देश के साथ कि वह एक प्रति नोटिस वोर्ड पर चस्पा करायें, दो प्रतियां सम्बन्धित ग्रामों में चस्पा कराकर वृहद प्रचार-प्रसार करायें तथा दो प्रतियां रजिस्ट्रार कानूनगों को अमलदरामद करके नकल खतौनी उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

(अविनाश कुमार)
जिलाधिकारी, झाँसी

**सौर ऊर्जा नीति–2022 एवं जैव ऊर्जा नीति–2022 के अन्तर्गत सौर ऊर्जा पार्क एवं जैव ऊर्जा प्लांट्स के निवेशकों को सरकारी भूमि लीज पर उपलब्ध कराये जाने हेतु अपर मुख्य सचिव, अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति की दिनांक 12.02.2024 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त।**

बैठक की उपस्थितिः–

1. श्री प्रशांत शर्मा, विशेष सचिव, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. श्री आर0पी0 सिंह, उप सचिव, राजस्व विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. श्री पंकज सिंह, सचिव एवं मुख्य परियोजना अधिकारी,यूपीनेडा।
4. श्री मनोज सरदाना, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, टुस्को लिमिटेड।

बैठक में निम्नलिखित जनपदों के अधिकारीगण तथा फर्मों के प्रतिनिधियों द्वारा वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया गया :–

1. जिलाधिकारी, चित्रकूट।
2. जिलाधिकारी, झांसी।
3. श्री पवन कुमार, मैसर्स फोर्थ पार्टनर सोलर पावर प्रा.लि. हैदराबाद।
4. श्री रूपेश कुमार लुथरा, मैसर्स एमप्लस सोलर शक्ति प्रा.लि., गुरूग्राम (गुड़गॉव)।

1691

सचिव / SPO-II CNS

बैठक में उ0प्र0 नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) द्वारा जनपद चित्रकूट एवं झांसी में 03 सौर ऊर्जा पार्क/प्रोजेक्ट्स की स्थापना हेतु निवेशकों को सरकारी भूमि उपलब्ध कराने के संबंध में प्राप्त प्रस्तावों का प्रस्तुतीकरण किया गया। समिति द्वारा जनपदवार परियोजनाओं के संबंध में निम्नवत विचार किया गयाः–

18/2/24

निदेशक यूपीनेडा

701

**1. जनपद–चित्रकूट**

SPO-II N. Singh

अवगत कराया गया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई), भारत सरकार की सोलर पावर एवं अल्ट्रा मेगा सोलर परियोजना विकास योजना के अन्तर्गत टुस्को लिमिटेड (यूपीनेडा एवं टीएचडीसीआईएल का संयुक्त उपकम) द्वारा जनपद चित्रकूट में 800 मेगावाट क्षमता का सोलर पार्क विकसित किया जा रहा है। प्रस्तावित सोलर पार्क हेतु जनपद–चित्रकूट की तहसील–मऊ के ग्राम– अतरी मजरा, सेमरा, गोइया कला, गोइया खुर्द एवं बरगढ़ में कुल 294.61 एकड़ सरकारी भूमि चिन्हांकित की गयी है। चिन्हांकित 294.61 एकड़ सरकारी भूमि को जिलाधिकारी, चित्रकूट के आदेश सं0– 4164 दिनांक 06.01.2024 द्वारा अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग के पक्ष में लीज पर उपलब्ध कराया गया है।

23.2.24

सचिव एवं मुख्य परियोजना अधिकारी यूपीनेडा

St. C. 26/02/2024 SPO

टुस्को लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित 800 मेगावाट चित्रकूट सोलर पार्क से उत्पादित ऊर्जा को ओपेन एक्सेस के अन्तर्गत विक्रय किया जायेगा।

समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त 800 मेगावाट चित्रकूट सोलर पार्क हेतु चिन्हांकित 294.61 एकड़ सरकारी भूमि टुस्को लिमिटेड को रू0 1.00 प्रति एकड़ प्रति वर्ष की दर से 30 वर्ष की लीज पर दिये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

**2. (क) जनपद–झांसी**

अवगत कराया गया कि मैसर्स फोर्थ पार्टनर सोलर पावर प्रा0लि0 हैदराबाद द्वारा जनपद झांसी में 70 मेगावॉट क्षमता के सोलर प्रोजेक्ट की स्थापना की जानी है। मैसर्स फोर्थ पार्टनर सोलर पावर प्रा0लि0 द्वारा प्रोजेक्ट की स्थापना हेतु जनपद–झांसी की तहसील–झांसी के ग्राम–बुद्धपुरा में 44 एकड़ एवं ग्राम बैजपुर में 2.89 एकड़ तथा 8.97 एकड़ इस प्रकार कुल 55.86 एकड़ सरकारी भूमि चिन्हांकित की गयी है। जिलाधिकारी झांसी के आदेश संख्या 16/12ए–डी0एल0आर0सी0/2023 दिनांक 16.01.2024 से चिन्हांकित 44.00 एकड़, आदेश संख्या 42/12ए–डी0एल0आर0सी0/2023 दिनांक 02.02.2024 से 08.97 एकड एवं आदेश संख्या 43/12ए–डी0एल0आर0सी0/2023 दिनांक 02.02.2024 से चिन्हांकित 02.89 एकड़ अर्थात कुल 55.86 एकड़ सरकारी भूमि अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग के पक्ष में लीज पर उपलब्ध करा दी गयी है। प्रस्तावित 70 मेगावॉट क्षमता के सोलर पावर प्रोजेक्ट से उत्पादित विद्युत को मैसर्स फोर्थ पार्टनर सोलर पावर प्रा0लि0 द्वारा ओपेन एक्सेस के अन्तर्गत विक्रय किया जायेगा।

समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त 70 मेगावाट झांसी सोलर पावर प्रोजेक्ट हेतु चिन्हांकित 55.86 एकड़ सरकारी भूमि मैसर्स फोर्थ पार्टनर सोलर पावर प्रा0लि0 हैदराबाद को रू0 15000/– प्रति एकड़ प्रति वर्ष की दर से 30 वर्ष की लीज पर दिये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(ख) जनपद– झांसी**

अवगत कराया गया कि मैसर्स एमप्लस सोलर शक्ति प्रा0लि0 गुरूग्राम (गुड़गॉव) द्वारा जनपद झांसी में 50 मेगावॉट क्षमता का सोलर प्रोजेक्ट की स्थापना की जानी है। मैसर्स सोलर शक्ति प्रा0 लि0 द्वारा प्रोजेक्ट की स्थापना हेतु जनपद–झांसी की तहसील–टहरौली के ग्राम–मैगांव में 0.808 एकड़ सरकारी भूमि चिन्हांकित की गयी है। जिलाधिकारी झांसी द्वारा आदेश पत्र संख्या 11/12ए–डी0 एल0आर0सी0/2023 दिनांक 12.01.2024 से चिन्हांकित 0.808 एकड़ सरकारी भूमि अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग के पक्ष में लीज पर

उपलब्ध करा दी गयी है। प्रस्तावित 50 मेगावॉट क्षमता के सोलर पावर प्रोजेक्ट से उत्पादित विद्युत को मैसर्स सोलर भाक्ति प्रा0लि0 द्वारा ओपेन एक्सेस के अन्तर्गत विक्रय किया जायेगा।

समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त 50 मेगावाट झांसी सोलर पावर प्रोजेक्ट हेतु चिन्हांकित 0.808 एकड़ सरकारी भूमि मैसर्स सोलर शक्ति प्रा0लि0 गुरूग्राम (गुड़गॉव) को रू0 15000/- प्रति एकड़ प्रति वर्ष की दर से 30 वर्ष की लीज पर दिये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

**महेश कुमार गुप्ता**
अपर मुख्य सचिव।

**उत्तर प्रदेश शासन**
**अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग**
**संख्या : 252/87—अति0ऊ0स्रो0वि0/2024**
**लखनऊ : दिनांक 15 फरवरी, 2024**

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग/राजस्व विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. सम्बन्धित जनपदों के जिलाधिकारी।
3. निदेशक, उ0प्र0 नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।
4. उपरोक्तानुसार सम्बन्धित फर्म। (यूपीनेडा द्वारा)
5. सम्बन्धित जनपदों के परियोजना अधिकारी, यूपीनेडा।
6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(सर्वेश कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव।